(क)–स्थल का मानचित्र–अनुज्ञा के प्रार्थना-पत्र के साथ प्रेषित मानचित्र एक मीटर बराबर एक सेन्टीमीटर के पैमाने से कम नहीं खींचा जायेगा तथा उसमें निम्नलिखित विवरण प्रदर्शित होंगे :–

1–स्थल की सीमाएं और उनकी माप तथा समीपवर्ती भूमि, जो उनके स्वामी की हो।

2–स्थल का नजरी नक्शा (की प्लान) तथा भू-विन्यास या भू-खण्डों का विभाजन।

3–समीपवर्ती सड़कों की स्थिति तथा सड़क/सड़कों के नाम जिन पर भवन स्थित है।

4–भूमि का स्वामित्व प्रमाण-पत्र।

5–विद्यमान सड़क से भवन तक तथा सभी भवनों तक जो प्रार्थी सीमावर्ती भूमि पर बनाना चाहता है, पहुंचने (यदि कोई हो) का मार्ग।

6–स्थल का क्षेत्रफल, कुर्सी का क्षेत्रफल, प्रत्येक फर्श का क्षेत्रफल।

7–प्रस्तावित भवन का विस्तृत मानचित्र जिसमें भवन सम्बन्धी समस्त विवरण अंकित हों।

8–यदि किसी बड़े भू-खण्ड पर कई आवासीय भवन पृथक्-पृथक् परिवार के लिए बनाये जाने हों तो सभी व्यक्तियों के आने जाने हेतु अपनी भूमि से सार्वजनिक सड़क के रूप में जगह छोड़ी जायेगी, जिसे विकसित करना होगा।

(ख)–भवनों का मानचित्र–भवन के अगले भाग तथा खण्ड के विस्तृत मानचित्र जो नोटिस के साथ संलग्न हों, एक मीटर बराबर एक सेन्टीमीटर के माप के खींचे होने चाहिए और उनमें विभिन्न रंगों में दिखलाया जाना चाहिए। मानचित्र में निम्नलिखित विवरण सम्मिलित होंगे–

1–प्रति एक मंजिल का मानचित्र, प्रत्येक तल के आच्छादित भाग का विवरण, सभी कमरों, खिड़कियों, रोशनदानों, खुलने वाले दरवाजों, सीढ़ीयों आदि को ठीक स्थिति तथा आकार।

2–नालियों, गटरों, जल निकासी, बिजली लाईन तथा अन्य जन प्रयोग की चीजों की स्थिति।

3–शौचकूप, स्नानागार, नाबदान जैसे सेवाओं की वास्तविक स्थिति।

4–मानचित्र में नवीन निर्माण, जिसके लिए प्रार्थना-पत्र प्रेषित किया जायेगा, लाल रंग तथा पुराना भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

5–भू-खण्ड के क्षेत्रफल के आधार पर सेट बैक भवन का फ्रन्ट एलीवेशन, की प्लान, साइट प्लान, तलपट्ट मानचित्र, सर्विसेज प्लान आदि का विवरण।

6–मानचित्र में वाहन (दो पहिया/चार पहिया) जो हो खड़े करने का स्थान दर्शाना होगा।

7–मान्यता प्राप्त ड्राफ्टमैन/वास्तुविद् द्वारा निर्मित मानचित्र ही स्वीकार किये जायेंगे।

8–उत्तर रेखा तथा प्रयुक्त पैमाना।

(ग) अन्य विवरण नोटिस के साथ निम्नलिखित विवरण रहेंगे–

1–भवन का उद्देश्य–

(1) स्वयं रहने के लिए।
(2) व्यवसाय व्यापार से सम्बन्धित।
(3) उद्योग धन्धों के लिए।
(4) रहने या दुकान के लिए, प्रार्थना-पत्र में दर्शाया जायेगा।

5–**प्लान**–इस प्रकार के नोटिस के साथ जो कि किसी भवन/भू-खण्ड के निर्माण, पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन से सम्बन्धित है मानचित्र और विवरण दो प्रतियों में संलग्न करेगा। मानचित्र ट्रेसिंग क्लाथ एवं ब्लू प्रिंट में होगा तथा भवन मानचित्र शुल्क जमा की रसीद संलग्न करेगा।

6–मानचित्र अस्वीकृत होने की दशा में जमा शुल्क का 25 प्रतिशत धनराशि स्टेशनरी शुल्क के रूप में रोक ली जायेगी तथा शेष 75 प्रतिशत धनराशि वापस कर दी जायेगी।

7–शुल्क उपनियम-4 में दर्शाया गया मानचित्र पर निम्न शुल्क अदा करना होगा–

क्र0	भवन/भू-खण्ड का प्रकार	भू-तल प्रति वर्ग फिट	अतिरिक्त तल प्रति वर्ग फिट
1	2	3	4
		रु0	रु0
1	निवासीय भवन (कवर्ड एरिया)	10.00	05.00
2	निवासीय भवन (ओपन एरिया)	06.00	03.00
3	व्यवसायिक भवन दुकान (कवर्ड एरिया)	20.00	10.00
4	व्यवसायिक भवन दुकान (ओपन एरिया)	15.00	08.00
5	वर्कशाप, फैक्ट्री, कारखाना आदि (कवर्ड एरिया)	30.00	15.00
6	वर्कशाप, फैक्ट्री, कारखाना आदि (ओपन एरिया)	20.00	10.00
7	भू-खण्ड/प्लाटिंग एरिया	05.00	00.00

(1) मानचित्र स्वीकृत करने का न्यूनतम शुल्क रु0 5,000.00 या उपर्युक्त दरों के आधार पर जो अधिकतम होगा, देय होगा।

(2) प्लाटिंग एरिया के आवासीय क्षेत्रफल पर ही शुल्क देय होगा।

नोट–पूर्व से निर्मित भवनों का भी मानचित्र उपरोक्त दरों पर उपविधि में निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करने पर स्वीकृत किया जायेगा।

(1) प्रतिबन्ध यह है कि मुख्य भवन का कवर्ड एरिया एवं ओपन एरिया पर निर्धारित शुल्क होगा।

(2) नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-181 के अर्न्तगत यह स्वीकृति एक वर्ष के लिए मान्य होगी।

(3) सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का प्रोजेक्शन स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

(4) भू-तल पर सड़क की ओर रहने वाले दरवाजे (किवाड़) भीतर की ओर खुलेंगे।

(5) यदि प्रस्तावित निर्माण सार्वजनिक सड़क के सामने किया जाता है तो सड़क की पटरी से 1.20 मीटर चौड़ा रास्ता छोड़ कर निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी।

(6) धार्मिक स्थल मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा इसी प्रकार अन्य धार्मिक स्थलों की स्वीकृति शासन की अनुमति के उपरान्त तथा धार्मिक स्थल के बीच से 7.50 मीटर से कम की दूरी न हो तथा प्रस्तावित धार्मिक स्थल किसी अन्य धार्मिक स्थल से 100 मीटर की दूरी पर न हो।

(7) विद्युत् लाईन का विस्तार/परिवर्तन विद्युत् विभाग की अनुमति के उपरान्त ही होगा।

(8) 200 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में बनने वाले घरों या व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि का मानचित्र वर्षा जल प्रबन्धन की व्यवस्था मानचित्र पर प्रदर्षित करना अनिवार्य होगा।

(9) किसी भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान के निर्माण हेतु पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।

8–शौचालय एवं गन्दे पानी का निकास–ऐसे व्यक्ति जो भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर करेगा जो की सार्वजनिक नाली से 30 मीटर के भीतर होगा, तो उसे अपने भवन के पानी की नाली को सार्वजनिक नाली तक स्वयं मिलाना होगा।

9–भवन में फ्लश/लैट्रिंग लगाना अनिवार्य होगा बिना फ्लश/लैट्रिंग के मानचित्र की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी।

10–नालियॉ–भवन की नालियॉ सीमेन्ट कंक्रीट द्वारा मजबूत व पक्की नालियॉ बनायी जाएगी तथा सार्वजनिक नालियों से इसका जुड़ा होना भवन स्वामियों के लिए आवश्यक होगा तथा बारिश के पानी को छतों से उतारने हेतु पाईप लगाने होंगे।

11–पिलिन्थ (कुर्सी)–भवन का पिलिन्थ भवन के सामने की सड़क से कम से कम 0.50 मीटर ऊॅचा रखना होगा।

12–भवन की ऊॅचाई–भू-तल से फर्श छत पर ऊॅचाई 3.00 मीटर तथा ऊपर के अन्य तलों पर कम से कम 2.70 मीटर रखनी होगी।

13–(क)–भवन की किनारे व्यक्तियों के रहने के कमरों का क्षेत्रफल कम से कम 7.20 वर्गमीटर होगा तथा कमरे की चौड़ाई कम से कम 2.40 मीटर रखी जायेगी।

(ख)–कमरे में समुचित जंगलों और वेन्टीनेशनों की व्यवस्था करनी होगी जो कि खुले स्थान में होंगे तथा इनका क्षेत्रफल कमरे के क्षेत्रफल से 01/01 से कम नहीं होगा।

(ग)–जंगले इस प्रकार बनाये जायेंगे कि इनको पूरा खोला जा सके।

(घ)–जीना–बहु मंजिले भवनों में हवादार जीने का निर्माण आवश्यक होगा, जीने की चौड़ाई 90 सेन्टी मी0 से कम नही होनी चाहिए, जिससे रोशनी की समुचित व्यवस्था हो।

14–किसी ऐसे भू-खण्ड पर निवासीय भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं दी जायेगी, जिसकी चौड़ाई 2.50 मीटर तथा लम्बाई (गहराई) 5.00 मीटर से कम होगी।

15–जानवरों का बाड़े की फर्श पक्की तथा ढालदार बनाना होगा।

16–जब सक्षम अधिकारी यह निश्चित कर लेगा कि प्रस्तावित भवन इस उपविधि से सम्बन्धित सभी शर्तों को पूरा करता है तो वह मानचित्र को स्वीकृति प्रदान करेगा।

17–निकाय/बोर्ड उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-186 के अन्तर्गत किसी निर्माण कार्य निर्माण कार्य को रोकने तथा निर्मित भवन को गिरा देने का अधिकार होगा जब भवन स्वामी या अभ्यासी को किसी भवन या भवन के नाम के निर्माण, पुनःनिर्माण या परिवर्तन अथवा विस्तार किसी ऐसे दशा में जहॉ निकाय/बोर्ड का यह विचार हो कि इस प्रकार का निर्माण, पुनःनिर्माण, परिवर्तन या विस्तार धारा-185 के अधीन कोई अपराध है, तो भवन स्वामी को लिखित नोटिस देकर रोकने का निर्देश दे सकता है और इसी प्रकार यथास्थिति ऐसे भवन या भवन के भाग में परिवर्तन करने या उसे गिरा देने का जिसे वह आवश्यक समझे, निर्देश दे सकता है।

शास्ति

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (अधिनियम-2, 1916 की धारा-299(1)) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत केराकत जनपद-जौनपुर यह निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधियों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रु0 1000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकता है। यदि उल्लंघन निरन्तर चला आ रहा हो तो रु0 25.00 (पच्चीस रुपये मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के लिये किया जायेगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत केराकत,
जौनपुर।

20 दिसम्बर, 2022 ई0

सं0 343/344/न0पं0 केराकत/यू0चा0 नियमावली/अधि0/2022-2023—उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत केराकत जौनपुर ने अपनी बैठक 06 मई, 2022 के द्वारा धारा 128(1) के तहत नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत आने वाले सभी भवनों, इमारतों तथा भूमियों पर गृहकर निर्धारण हेतु शासनादेश सं0-408/नौ-10-63ज/95टी0सी0 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 22 फरवरी, 2010 व शासनादेश सं0-135/नौ-9-11-190-द्वि0रा0वि0आ0/04 लखनऊ दिनांक 18 मार्च, 2011 के अनुपालन में नगर पंचायत केराकत जौनपुर की सीमान्तर्गत भवनों व सम्पत्तियों पर स्वकर प्रणाली के अंतर्गत गृहकर निर्धारण किये जाने हेतु स्वमूल्यांकन व्यवस्था प्रभावी तथा संपत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली, 2022 बनायी गयी है उक्त उपविधि के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो अपनी आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत केराकत जौनपुर के कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन 15 दिन के भीतर लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचाार नहीं किया जायेगा।

सम्पत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली, 2022

1—यह नियमावली नगर पंचायत केराकत जौनपुर की सीमा में स्थित भवनों तथा **सम्पत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली—2022** कही जायेगी।

2—यह नियमावली नगर पंचायत केराकत जौनपुर की सीमा में लागू होगी।

3—यह नियमावली राजकीय गजट में प्रकाशन के पश्चात् नगर विकास विभाग अनुभाग—9 के शासनादेश संख्या 1688/नौ—9—2021 85ज/05टी0सी0 दिनांक 19 अगस्त 2021 के अनुसार लागू होगी।

4—"नगर पंचायत" से तात्पर्य नगर पंचायत केराकत जौनपुर से है।

5—"अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य नगर पंचायत केराकत, जौनपुर के अधिशासी अधिकारी से है।

6—"अध्यक्ष" से तात्पर्य नगर पंचायत के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है।

7—"प्रशासक/बोर्ड" का तात्पर्य नगर पंचायत केराकत जौनपुर के प्रशासक/बोर्ड से है।

8—"अधिनियम" से तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।

9—"शासनादेश" का तात्पर्य उ0प्र0 शासन के आदेशों/निर्देशों से है।

10—कोई भी व्यक्ति यदि नगर पंचायत केराकत जौनपुर की सीमा में भवन/भूमि का स्वामी/अध्यासी है तो वे भवन/भूमि के सम्पत्ति कर निर्धारण स्वमूल्यांकन द्वारा कर लेगें। इसके लिए नगर पंचायत केराकत जौनपुर से एक आवेदन-पत्र प्राप्त कर अपने मकान का ब्यौरा देकर उपविधि में दी गयी निर्धारित दर के अनुसार स्वकर का निर्धारण करेंगे।

11—आवेदन-पत्र नगर पंचायत केराकत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

12—जिन भवन/भूमि स्वामी/अध्यासी द्वारा स्वकर निर्धारण का विकल्प नही अपनाया जायेगा तो उसके सम्बन्ध में कर का निर्धारण व वसूली की कार्यवाही नियमानुसार नगर पंचायत केराकत जौनपुर द्वारा की जायेगी।

13—भवन—इसमें वह सभी अहाते, उपघर आदि एक संयुक्त परिसर में कई भवन स्थित है तो इस परिसर के सभी इमारतों के परिसर को भूमि सहित भवन कहा जायेगा और मकान का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा में अंकित परिभाषा से है।

14—"सम्पत्ति" का तात्पर्य किसी भवन/भूमि या दोनों से है।

15—"आच्छादित क्षेत्रफल" का तात्पर्य, कुर्सी के उपर जिस पर भवन निर्मित है के प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्रफल से है।

16–कारपेट एरिया की गणना नियमानुसार की जायेगी–

(क) कमरे	–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।
(ख) आच्छादित बरामदा	–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।
(ग) बालकनी, कारीडोर, रसोई व भण्डार गृह	–आन्तरिक आयाम की 50 फीसदी माप।
(घ) गैराज	–आन्तरिक आयाम की 1/4 माप।
(ङ) स्नानगृह, भौचालय, पोर्टिको और जीने से आच्छादित क्षेत्र	–कारपेट एरिया का भाग नही होगा।

अथवा

कारपेट एरिया	– आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत भाग।

17–कर का निर्धारण–कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा।

(क) वार्षिक मूल्य की गणना, वार्षिक मूल्य=कारपेट एरिया × निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत × निर्धारित प्रति इकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

18–(क) करों का भुगतान–अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत कोई अधिकारी/कर्मचारी बनाये गये नियम के अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल भेजेगा, जिसमे एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, नगर पंचायत केराकत कार्यालय अथवा उसके द्वारा अभिसूचित बैंक में कर का भुगतान किया जायेगा। गृहकर निर्धारण का भुगतान का सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि के नियमावली में दी गयी शास्ति तथा उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 173 (क) के अनुसार कर की वसूली की जायेगी। धारा 173 (क) की कार्यवाही का खर्च तथा बकाया धनराशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी लिया जायेगा।

(ख) यह है कि नगर पंचायत की ओर से अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी जैसे भी परिस्थिति हो के नगर पालिका अधिनियम की धारा 158(1)(2) के अन्तर्गत पत्र भेजकर किसी भवन/भूमि स्वामी को उनके सम्पत्ति आदि के बारे में विवरण प्रस्तुत करने तथा अन्य दस्तावेज मांगने व प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(ग) इस उपविधि के किसी भी प्रावधान के बारे में नगर पंचायत यदि संतुष्ट है कि उपविधि के किसी प्रावधान का दुरुपयोग पंचायत द्वारा किया जा रहा है अथवा कोई प्रावधान/नियमानुसार जनहित में नही है, तो उक्त प्रावधान को निरस्त करने, छूट देने अथवा संसोधित करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।

19–किराये पर उठे आवासीय भवनों का उपरोक्तानुसार अवधारित वार्षिक मूल्य से (ARV) जोडें।

(क) दस वर्ष से अधिक पुराना है तो 25 प्रतिशत अधिक होगा (+) 25 प्रतिशत

(ख) दस वर्ष से अधिक तथा बीस वर्ष से कम पुराना है तो 12.5 प्रतिशत अधिक होगा (+) 12.5 प्रतिशत

(ग) बीस वर्ष से अधिक पुराना है तो यथावत समझा जायेगा।

नोट–नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140 में यह प्रावधान है कि जहॉ नगर पंचायत किराये में किसी कारण से असाधारण परिस्थितियों में किसी भवन का वार्षिक मूल्य यदि उपर्युक्त रीति से गणना की गई हो अत्यधिक हो वहॉ नगर पंचायत किसी भी धनराशि पर जो भी न्याय संगत प्रतीत हो वार्षिक मूल्य नियत कर सकती है।

20–व्यावसायिक सम्पत्तियों से तात्पर्य–सभी प्रकार की फुटकर दुकानें, शोरूम, बेकरी, आटाचक्की, कोयला, लकड़ी, कृषि उपकरणों के लिये केन्द्र, शीतगृह, रिजोर्ट, होटल व बेवसाइट व ऑटोमोबाइल शोरूम/सर्विस सेन्टर व भोजनालय, जलपानगृह, रेस्टोरेन्ट, कैन्टीन, सिनेमा व मल्टीप्लेक्स, अस्थाई सिनेमा, पी0सी0ओ0, पेट्रोल व डीजल फिलिंग स्टेशन, गोदाम/गैस अधिष्ठान भण्डारण तथा गोदाम, निजी कार्यालय, बैंक व अन्य अनावासीय भवनों से है।

21–औद्योगिक सम्पत्तियों से तात्पर्य–सेवा/कुटीर उद्योग, औद्योगिक कारखानें, पावरलूम कारखाना, सूचना प्रौद्योगिकी/सॉफ्टवेयर टेक्नालॉजी/एल0पी0जी0 व फिलिंग प्लाण्ट/संयंत्र/केन्द्र आदि से है।

22–इन्स्टीट्यूशनल (संस्थागत) सम्पत्तियों से तात्पर्य–राजकीय, अर्द्धराजकीय, स्थानीय निकाय कार्यालय, श्रमिक कल्याण केन्द, पी0ए0सी0, पुलिस लाईन, मौसम अनुसंधान केन्द्र, वायरलेस केन्द्र, अतिथि गृह, धर्मशाला, रैनबसेरा, लॉजिंग बोर्डिंग हाउस, छात्रावास, अनाथालय, सुधारालय, कारागार, हैण्डीकैप चिल्ड्रेन हाउस, शिशुगृह, एवं देखभाल केन्द्र, बृद्धावस्था केन्द्र, प्राथमिक शैक्षिक संस्थान, उच्चतर माध्यमिक इण्टर/महाविद्यालय/विश्वविालय,

पोलीटेक्निक, इन्जिनियरिंग, विशिष्ट शैक्षिक संस्थान, आई0टी0आई0, डाकघर, तारघर, पुलिस स्टेशन/चौकी, अग्निशमन केन्द्र, पुस्तकालय/वाचनालय, नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र, कलाकेन्द्र, सिलाई केन्द्र, बुनाई कढ़ाई केन्द्र, पेन्टिंग, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र इत्यादि, ऑडिटोरियम, नाट्यशाला, थियेटर, योगकेन्द्र, सामुदायिक केन्द्र, धर्मिक केन्द्र, बारात घर, कॉन्फ्रेंस एवं मीटिंग हाल, प्रदर्शनी केन्द्र, रेडियों व टेलीविजन कार्यालय/केन्द्र, नर्सिंग होम व अस्पताल आदि।

नोट–जो भी सामाजिक, धर्मिक राजनैतिक संस्थायें निःशुल्क जनहित में कार्य कर रही है वे कर से मुक्त रहेगी परन्तु जिस धर्म/राजनैतिक संस्था का जितने भाग का उपयोग व्यवसायिक होगा उस पर कर देय होगा।

23–रेन्ट कन्ट्रोल के मकान–रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम 1972 के अधीन आने वाले आवासीय भवनों पर नगर पंचायत केराकत जौनपुर प्रत्येक करों की गणना के लिये वार्षिक किराये का निर्धारण रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम के अंतर्गत नही होगा बल्कि गृहकर का निर्धारण उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 के प्रावधानों के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-135/9-9-11-190-द्वि0रा0वि0आ0/04 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 18 मार्च, 2011 के अनुसार किया जायेगा।

24–जिन भवनों/व्यावसायिक भवनों में भवन स्वामी का पता नही चलता है तो ऐसे भवनों में किरायेदार/अध्यासी को की गृहकर का भुगतान करना होगा।

25–करों में छूट–उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140(2) के अनुसार करों में छूट प्रदान की जायेगी।

(क) गृहकर की देयता वार्षिक होगी, 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य संबंधित वर्ष का कर जमा करना अनिवार्य होगा।

(ख) सम्बन्धित वर्ष में कर जमा नही करने की दशा में आगामी वित्तीय वर्ष में गृहकर पर 12 प्रतिशत की दर से सरचार्ज देय होगा।

26–संबंधित संसूचना प्रपत्र (क) प्राप्ति के 15 दिवस के अन्दर नगर पंचायत कार्यालय में भरकर जमा करना अनिवार्य है। भवन के क्षेत्रफल एवं दरों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पूर्ण विवरण होने की दशा में स्वामी अध्यासी से सम्पत्ति की देयता में होने वाले अन्तर के चार गुने धनराशि शास्ति (जुर्माना) के रूप में ली जायेगी निर्धारित अवधि तक विवरण न जमा करने की दशा में 100 वर्ग मीटर, 200 वर्ग मीटर, 400 वर्ग मीटर तथा उससे अधिक भू-खण्ड पर क्रमशः रु0 100/500/1,000/2,000 तक शास्ति (जुर्माना) आरोपित करके वसूल किया जायेगा, तथा 30 दिन के विलम्ब की स्थिति में शास्ति (जुर्माना) का 5 प्रतिशत अतिरिक्त लिया जायेगा।

27–भवन किराये पर देने या रिक्त होने, भवन में निर्माण/पुननिर्माण होने से आच्छादित क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) में बृद्धि होने पर तथा भवन के व्यावसायिक/औद्योगिक प्रयोग होने पर 60 दिनों के अन्दर प्रपत्र (ख) में ही पुनः विवरण भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

28–जिन भवनों/भूमियों को नगर पंचायत केराकत जौनपुर द्वारा भवन/भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है उन्हें भी प्रपत्र 'क' और 'ख' पर उपरोक्तानुसार सूचना भरकर जमा करना अनिवार्य है तथा उसके भवन/भूमि पर यदि कोई पूर्व का बकाया है तो प्रपत्र क के अनुसार देय कर एवं पूर्व बकाया भी जमा करेंगें।

29–(क) मकानों को दर्ज करने सम्बन्धी–कोई भी व्यक्ति किसी भी समय यदि किसी भी भवन या भूमि पर अपना नाम अध्यासी अथवा स्वामी के रूप में करदाता सूची में अंकित कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करना होगा और यदि उसके नाम के सम्बन्ध में कोई आवेदन निरस्त करने हेतु विचाराधीन है तो उल्लेख लिखित रूप में किया जायेगा अन्यथा उसके बाद सूची में आवेदन के अनुसार नाम, कर निर्धारण सूची में अंकित कर दिया जायेगा। मकान/दुकान/प्लाट इत्यादि प्रथम बार दर्ज किये जाने हेतु शुल्क रु0 5,000.00 प्रति सम्पत्ति देय होगा।

(ख) गृहकर पंजिका में दर्ज ऐसी भूमि/भवन जो पंचायत के स्वामित्व की भूमि है जो किसी कारणवश निजी उपयोग में लायी जा रही है तो वह गृहकर पंजिका में स्वतः निरस्त/करमुक्त मानी जायेगी।

30–मकानों का हस्तांतरण/नामान्तरण सम्बन्धी नियम–(क) यदि किसी भवन या भूमि जिस पर कर आरोपित है स्वामित्व हस्तांतरित होता है तो स्वामित्व हस्तांतरित करने वाले व्यक्ति तथा संस्था अथवा स्वामित्व पाने वाला व्यक्ति ऐसे संस्था ऐसे हस्तांतरण के 03 माह के अन्दर उसकी सूचना नगर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करके निर्धारित प्रपत्र पर अधिशासी अधिकारी को प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ख) यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके प्रत्येक वारिस को मृत्यु के दिनांक से 03 माह के अन्दर लिखित सूचना अधिशासी अधिकारी को देना होगा।

(ग) यदि किसी करदाता अथवा भवन का वारिस/उत्तराधिकारी 03 माह के अन्दर सूचना देने में असफल रहता है तो 03 माह के बाद प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करते समय उसे नामान्तरण शुल्क के साथ रु0 500.00 विलम्ब शुल्क भी देय होगा तभी प्रार्थना-पत्र पर कार्यवाही किया जायेगा। यही प्रक्रिया विक्रय-पत्र के आधार पर नामान्तरण को कार्यवाही पर भी लागू होगी।

(घ) विक्रय-पत्र/बैनामा/वसीयतनामा/हिबानामा/करारनामा/दान आदि के आधार पर आवेदक नगर पंचायत अभिलेखों में दर्ज कराना चाहता है तो उसका निम्नलिखित जमा करने के बाद ही कार्यवाही शुरू की जायेगी–

	रु0
10 लाख रु0 तक की सम्पत्ति का नामान्तरण शुल्क	– 5,000.00
10 लाख रु0 से अधिक रु0 25 लाख तक की सम्पत्ति का नामान्तरण शुल्क	– 10,000.00
25 लाख रु0 से अधिक रु0 50 लाख तक की सम्पत्ति का नामान्तरण शुल्क	– 15,000.00
50 लाख रु0 से अधिक रु0 1 करोड़ तक की सम्पत्ति का नामान्तरण शुल्क	– 25,000.00
1 करोड़ रु0 से अधिक की सम्पत्ति का नामान्तरण शुल्क	– 50,000 रू0 प्रति, पीढी देय होगा।

नोटः–भवनों, भूमियों, इत्यादि को दर्ज करने, हस्तानान्तरण/नामान्तरण करने हेतु स्थानीय स्तर पर प्रचलित अधिक प्रसार वाले राष्ट्रीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशन कर 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति का निस्तारण होने के उपरान्त नामान्तरण/हस्तानान्तरण, दर्ज करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। समाचार-पत्र में आपत्ति प्रकाशन का खर्च आवेदक से लिया जायेगा।

31–कर निर्धारण दर–गृहकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत देय होगा।

32–मुख्य मार्ग का तात्पर्य–मुख्य मार्ग मे सभी सड़कें आयेंगी जिसकी चौड़ाई 24 फुट से अधिक होगी।

33–अन्य मार्ग का तात्पर्य–मुख्य मार्ग के अंदर के मार्ग व मोहल्ला/कालोनी में जाने वाली सड़क एवं समस्त गलियां अपने भागों में आयेंगी।

34–अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केराकत जौनपुर द्वारा सत्यापित मासिक किराया प्रति वर्गफुट/रु0

भवन की प्रकृति	पक्का भवन (RCC/RB छत)			अन्य पक्का भवन			कच्चा भवन	भूमि के सम्बन्ध में
1	2	3	4	5	6	7		11
फर्श की प्रकृति ⇒ सड़क की लम्बाई ⇓	पत्थर/टायल्स/मुजाइक	पक्का फर्श	कच्चा	पत्थर/टायल्स/मुजाइक	पक्का फर्श	कच्चा	कच्चा	खाली प्लाट
क– (24 फुट से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	0.50	0.80	0.40	0.80	0.50	0.30	0.20	0.15
ख–(12 फुट से 24 फुट चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	0.40	0.60	0.30	0.60	0.40	0.20	0.15	0.10
ग–(12 फुट तक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	0.30	0.40	0.20	0.50	0.30	0.10	0.10	0.05

35–अन्तिम निर्णय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केराकत जौनपुर में निहित होगा।

36–अन्य व्यावसायिक भवन/मिश्रित भवन जो मुख्य मार्ग पर स्थित न हो का कर निर्धारण निर्धारित आवासीय दर का दोगुना दर पर किया जायेगा।

37–(क) किसी भी स्वामी द्वारा अध्यासित आवासीय भवन जो 30 वर्ग मी0 के माप वाले या 15 वर्ग मी0 तक कारपेट क्षेत्रफल भू-खण्ड पर निर्मित हो उसके स्वामी के स्वामित्व में नगर पंचायत केराकत जौनपुर की सीमा के अंतर्गत कोई अन्य भवन/भू-खण्ड न हो पर वार्षिक मूल्य की गणना नही की जायेगी वो कर से मुक्त होंगे।

(ख) यदि आंशिक भाग का उपयोग व्यावसायिक/औद्योगिक के रूप में प्रयोग किया जा रहा है और आंशिक भाग पर निवासित है तो व्यावसायिक/औद्योगिक वाले भाग पर व्यावसायिक/औद्योगिक दर लागू होगा तथा निवासित भाग पर निवासित दर लागू होगा।

(ग) व्यावसायिक/औद्योगिक उपयोग वाले आवासों/आवासीय अंशों पर कर निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासीय भवन की मासिक किरायें की दर
1.	प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यिक काम्पलेक्स, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बैंक, कार्यालय, होटल, कोचिंग व प्रशिक्षण संस्थान (राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त को छोडकर) आवासीय सह दुकान की स्थिति में।	आवासीय दर का पांच गुना
2.	टावर और होर्डिंग वाले भवन, टी0बी0 टावर दूर संचार या कोई अन्य टावर जो भवन की सतह पर या शिखर पर या खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाते है।	आवासीय दर का चार गुना
3.	प्रत्येक प्रकार के क्लीनिक, पाली क्लीनिक डायग्नोस्टिक केन्द्र, प्रयोगशालायें, नर्सिंग होम, चिकित्सालय केन्द्र, मेडिकल स्टोर, स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र।	आवासीय दर का तीन गुना
4.	पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिपो और गोदाम	आवासीय दर का तीन गुना
5.	सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप शादी/बारात घर, क्लब व इसी प्रकार के भवन	आवासीय दर का तीन गुना
6.	औद्योगिक इकाइयां सरकारी अर्धसरकारी एवं सार्वजनिक, उपक्रम कार्यालय	आवासीय दर का तीन गुना
7.	क्रीडा केन्द्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, थियेटर तथा सिनेमा घर	आवासीय दर का दो गुना
8.	अन्य प्रकार के अनावासिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणियों में उल्लिखित नहीं है।	आवासीय दर का तीन गुना
9.	छात्रावास और शैक्षणिक संस्थान जो अधिनियम की धारा 129-क के खण्ड (ग) के अधीन आच्छादित नहीं है।	आवासीय दर के समान

38–अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केराकत जौनपुर द्वारा पंचायत सीमान्तर्गत स्थित भवनों/भूमियों का वार्षिक मूल्यांकन दरों पर निर्धारित किया जायेगा।

39–सम्बंधित बुकलेट रु0 50.00 शुल्क जमा कर कार्यालय नगर पंचायत केराकत से प्राप्त कर सकते है।

अर्थदण्ड

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत केराकत जौनपुर निश्चित करती है कि उपविधि के किसी भी नियम का उल्लंघन करना दण्डनीय अपराध होगा जो रु0 1,000.00 एक हजार जुर्माना हो सकता है और निरन्तर बने रहने की दशा में अतिरिक्त अर्थदण्ड देय होगा जो सर्वप्रथम दोष सिद्ध के दिनांक या अधिशासी अधिकारी द्वारा दिये गये नोटिस के दिनांक से प्रत्येक दिवस के लिये जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि जिसमें अपराधी अपराध करता है, रु0 25.00 पच्चीस रुपये मात्र प्रतिदिन अर्थदण्ड लिया जायेगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत केराकत,
जौनपुर।

काली चरण विद्यालय इन्डाऊमेन्ट ट्रस्ट

हरदोई रोड, चौक लखनऊ

14 जनवरी, 2023 ई0

सं0 KCVET/437/2022-23–कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल इन्डाऊमेंट ट्रस्ट लखनऊ के प्रबन्ध समिति के सदस्यों का मनोनयन Government of United Provinces के Notification में निर्दिष्ट प्रावधान नं० 802-XV/251 दिनाँक 22 जून, 1912 के संशोधित Notification, Government of United Provinces Education (A) Department No. A-6035/XV-666-47 Dated Lucknow July 11, 1947 के अनुसार किया जाना है। उक्त ट्रस्ट के संचालन हेतु प्रबन्ध समिति का गठन गजट में प्रकाशन की तिथि से आगामी 03 वर्षों के लिए 2 (B) व (C) के अनुसार किया जाता है।

2–(A) पदेन सदस्य

1. जिलाधिकारी लखनऊ – **अध्यक्ष**
2. जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ।

(B) अन्य सदस्य

(i) **श्री चन्द्र प्रकाश गर्ग** (उद्योगपति)
पुत्र स्व० रामभारण गर्ग
466/41, पीर बुखारा, हरदोई रोड
चौक, लखनऊ।

(ii) **1. प्रो० एम० पी० सिंह**
पुत्र स्व० एन०पी० सिंह
पूर्व प्रतिकुलपति ल०वि०वि० तथा भू-गर्भ भास्त्री
1-24/बी० अलीगंज लखनऊ।

(iii) **1–श्री आशुतोश टन्डन 'गोपाल जी'**
पुत्र स्व० लाल जी टन्डन
पूर्व नगर विकास मंत्री/विधायक/सामाजिक कार्यकर्ता
सोंधी टोला चौक, लखनऊ।

2–श्री निर्मल कुमार सेठ वरिष्ठ अधिवक्ता मा० उच्च न्यायालय लखनऊ
पुत्र स्व० के०के० सेठ
वरिष्ठ अधिवक्ता मा० उच्च न्यायालय लखनऊ
1/2 कैसरबाग लखनऊ

3–श्री नवनीत सहगल आई०ए०एस०
पुत्र श्री सी०एल० सहगल
फैक्ल्टी ऑफ आर्किटेक्ट ए०के०टी०यू० टैगोर मार्ग, लखनऊ

4–इं० विनोद कुमार मिश्र (वी.के. मिश्र)
पुत्र स्व० काशीनाथ मिश्र
पूर्व अधीक्षण अभियन्ता यू०पी० स्टेट ब्रिज कारपोरेशन
4/251 विवेक खण्ड गोमतीनगर लखनऊ

(iv) **श्री संजय सेठ** पूर्व सदस्य राज्य सभा
पुत्र श्री लवकुश नारायण सेठ
8/1, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ 226001 उ०प्र०

(C) नामित सदस्य (राज्य सरकार द्वारा)

(i) ––––– **रिक्त** –––––
(जिलाधिकारी लखनऊ/अध्यक्ष द्वारा शिक्षाविद् नामित करने के लिए शासन को प्रेषित पत्रांक KCVET/406/2022-23 दिनांक 25 नवम्बर, 2022)

04 फरवरी, 2023 ई0

सं0 KCVET/476/2022-23–Government of United Provinces के Notification में निर्दिष्ट प्रावधान नं० 802-XV/251 दिनाँक 22 जून, 1912 के संशोधित Notification, Government of United Provinces Education (A) Department No. A-6035/XV-666-47 Dated: Lucknow July 11, 1947 के अनुसार अध्यक्ष, कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल इन्डाऊमेंट ट्रस्ट/जिलाधिकारी लखनऊ के पत्रांक संख्या KCVET/437/2022-23 दिनांक 14 जनवरी, 2023 के क्रम में गठित कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल इन्डाऊमेंट ट्रस्ट लखनऊ की प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक 30 जनवरी, 2023 को सम्पन्न हुई। प्रबन्ध समिति की बैठक में सर्वसम्मति से कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल इन्डाऊमेंट ट्रस्ट लखनऊ के प्रबन्धक के पद पर प्रबन्ध समिति के सदस्य इं० विनोद कुमार मिश्र (वी०के० मिश्र) को नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति गजट में प्रकाशन की तिथि से 03 वर्षों के लिए मान्य होगी।

04 फरवरी, 2023 ई0

सं0 KCVET/477/2022-23–कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल इन्डाऊमेंट ट्रस्ट लखनऊ द्वारा संचालित कालीचरण डिग्री/पी०जी० कालेज लखनऊ के प्रबन्ध हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 व परिनियमावली के परिनियम् 13.5 के प्राविधानों के अनुसार एवं मातृ संस्था ट्रस्ट के सदस्यों से, कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के पत्रांक AF/22694/सम्ब./2022 दिनांक 03 दिसम्बर, 2022 कुलपति द्वारा नामित पर्यवेक्षक प्रो० आर०पी० सिंह, अंग्रेजी विभाग, ल०वि०वि० लखनऊ के पर्यवेक्षण में प्रबन्ध समिति का दिनांक 30 जनवरी, 2023 को गठन/निर्वाचन किया गया। यह नवगठित प्रबन्ध समिति गजट में प्रकाशन की तिथि से 03 वर्षों के लिए मान्य होगी।

पदेन सदस्य :

1. जिलाधिकारी लखनऊ – **अध्यक्ष प्रबन्ध समिति**
2. प्राचार्य कालीचरण पी०जी० कालेज लखनऊ।
3. शिक्षक प्रतिनिधि (02) (वरिष्ठताक्रमानुसार एवं चक्रानुसार 01 वर्ष के लिए)
4. शिक्षणेत्तर प्रतिनिधि (01) (वरिष्ठताक्रमानुसार एवं चक्रानुसार 01 वर्ष के लिए)

अन्य सदस्य :

1 – **श्री आशुतोश टन्डन 'गोपाल जी'** विधायक/समाजसेवी
पुत्र स्व० लाल जी टन्डन
सोंधी टोला चौक, लखनऊ।

2 – **श्री संजय सेठ** पूर्व सदस्य राज्यसभा
पुत्र श्री लवकुश नारायण सेठ
8/1, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ 226001 उ.प्र.

3 – **श्री नवनीत सहगल** आई०ए०एस०
पुत्र श्री सी०एल० सहगल
फैक्ल्टी ऑफ आर्किटेक्ट ए०के०टी०यू० टैगोर मार्ग, लखनऊ।

4 – **श्री निर्मल कुमार सेठ** वरिष्ठ अधिवक्ता मा० उच्च न्यायालय लखनऊ
पुत्र स्व० के०के० सेठ
1/2 कैसरबाग लखनऊ।

5 – **प्रो० एम० पी० सिंह** पूर्व प्रतिकुलपति ल०वि०वि० तथा भू-गर्भ शास्त्री
पुत्र स्व० एन०पी० सिंह
1–24/बी० अलीगंज लखनऊ।

6 – **श्री चन्द्र प्रकाश गर्ग** उद्योगपति
पुत्र स्व० रामशरण गर्ग
466/41, पीर बुखारा, हरदोई रोड
चौक लखनऊ।

7 – **इं० विनोद कुमार मिश्र** (वी.के. मिश्र) समकक्ष पूर्व अधीक्षण अभियन्ता यू०पी० स्टेट ब्रिज कारपोरेशन
पुत्र स्व० काशीनाथ मिश्र
4/251 विवेक खण्ड गोमतीनगर लखनऊ।

- प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से इं० विनोद कुमार मिश्र (वी०के० मिश्र) को प्रबन्धक निर्वाचित किया गया।

04 फरवरी, 2023 ई0

सं0 KCVET/478/2022-23–कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल इन्डाऊमेंट ट्रस्ट लखनऊ द्वारा संचालित कालीचरण इण्टर कालेज लखनऊ के प्रबन्ध हेतु स्वीकृत प्रशासन योजना में विहित प्राविधान के अनुसार, मातृ संस्था ट्रस्ट के सदस्यों से माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, 1921 एवं शासनादेशों के अनुसार, जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के पत्रांक/मा०/11559-60/2022-23 दिनांक 20 जनवरी, 2023 द्वारा नामित पर्यवेक्षक श्रीमती रीता सिंह सह निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ.प्र. लखनऊ के पर्यवेक्षण में प्रबन्ध समिति का दिनांक 30 जनवरी, 2023 को गठन/निर्वाचन किया गया। यह नवगठित प्रबन्ध समिति गजट में प्रकाशन तिथि से 03 वर्षों के लिए मान्य होगी।

पदेन सदस्य :

1–जिलाधिकारी लखनऊ – **अध्यक्ष प्रबन्ध समिति**

2–जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ।

3–प्रधानाचार्य कालीचरण इन्टर कालेज लखनऊ।

4–शिक्षक प्रतिनिधि (02) (वरिष्ठताक्रमानुसार एवं चक्रानुसार 01 वर्ष के लिए)

अन्य सदस्य :

1 – **श्री आशुतोश टन्डन 'गोपाल जी'** विधायक/समाजसेवी
पुत्र स्व० लाल जी टन्डन
सोंधी टोला चौक, लखनऊ।

2 – **श्री संजय सेठ** पूर्व सदस्य राज्यसभा
पुत्र श्री लवकुश नारायण सेठ
8/1, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ 226001 उ.प्र.

3 – **श्री नवनीत सहगल** आई०ए०एस०
पुत्र श्री सी०एल० सहगल
फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्ट ए०के०टी०यू० टैगोर मार्ग, लखनऊ।

4 – **श्री निर्मल कुमार सेठ** वरिष्ठ अधिवक्ता मा० उच्च न्यायालय लखनऊ
पुत्र स्व० के०के० सेठ
1/2 कैसरबाग लखनऊ।

5 – **प्रो० एम० पी० सिंह** पूर्व प्रतिकुलपति ल०वि०वि० तथा भू-गर्भ शास्त्री
पुत्र स्व० एन०पी० सिंह
1–24/बी० अलीगंज लखनऊ।

6 – **श्री चन्द्र प्रकाश गर्ग** उद्योगपति
पुत्र स्व० रामशरण गर्ग
466/41, पीर बुखारा, हरदोई रोड
चौक लखनऊ।

7 – **इं० विनोद कुमार मिश्र** (वी.के. मिश्र) समकक्ष पूर्व अधीक्षण अभियन्ता यू०पी० स्टेट ब्रिज कारपोरेशन
पुत्र स्व० काशीनाथ मिश्र
4/251 विवेक खण्ड गोमतीनगर लखनऊ।

- प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से इं० विनोद कुमार मिश्र (वी०के० मिश्र) को प्रबन्धक निर्वाचित किया गया।

सूर्य पाल गंगवार,
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
कालीचरण विद्यालय हाईस्कूल,
इण्डाऊमेण्ट ट्रस्ट, लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अरूण कुमार सरोज पुत्र राम सिरजन सरोज है जो कि मेरे सभी शैक्षिक अभिलेखों, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में अंकित है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार मैंने अपना नाम अरूण कुमार सरोज से बदलकर अरूण सिंह रख लिया है, ताकि मेरा स्वास्थ्य और भविष्य उज्जवल हो सके, भविष्य में मुझे अरूण सिंह (ARUN SINGH) पुत्र राम सिरजन सरोज के नाम से जाना व पहचाना जायें।

अरूण कुमार सरोज,
पता– ई0ई0–40 दूरवाणी नगर,
ए0डी0ए0 कालोनी नैनी, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम प्रतुल मौर्या है। त्रुटिवश मेरे शैक्षणिक अभिलेख सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के हाईस्कूल अंकपत्र व प्रमाण-पत्र इण्टरमीडिएट के अंकपत्र व प्रमाण-पत्र तथा अन्य शैक्षिक दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम रमणेश मौर्या अंकित हो गया है। जो सही नहीं है। सही नाम रमणेश कुमार है। प्रतुल मौर्य पुत्र रमणेश कुमार निवासी : 5/बी-1, नक्षत्र अपार्टमेन्ट, म्योर रोड बाबा चौराहा के निकट, जिला-प्रयागराज।

प्रतुल मौर्या
पुत्र रमणेश कुमार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र देव अवस्थी के हाईस्कूल परीक्षा केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड वर्ष 2021 अनुक्रमांक 23104459 के अंक-पत्र सह प्रमाण-पत्र में उसकी माता का नाम रजनी अवस्थी अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र देव अवस्थी की माता का नाम राजेश कुमारी अवस्थी है।

रविकान्त अवस्थी,
पता– गड़िया रोड,
फिरोजनगर, अजीतमल, औरेया।

सूचना

मैं मयंक कुशवाहा पुत्र स्व0 विजय प्रकाश कुशवाहा, निवासी–मकान नं0 सी0 21/3सी-1, मलदहिया, वाराणसी (उ0प्र0) फर्म विक्टर कंस्ट्रक्शन, एस-14/82 तेलियाबाग, वाराणसी (उ0प्र0) का साझेदार होने की हैसियत से यह सूचना देना चाहता हूँ कि उक्त फर्म में पहले दो साझेदार क्रमशः मयंक कुशवाहा, अंचित कुशवाहा थे। जिसमें दिनांक 24.05.2022 को द्वितीय साझेदार अंचित कुशवाहा स्वेच्छा से पृथक हो गये, अब उनकी उक्त फर्म से किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं हैं। उक्त फर्म में उसी दिन नये साझेदार रवि प्रकाश कुशवाहा को उक्त फर्म में सम्मिलित किया जा रहा हैं। अतः उक्त फर्म में दो साझेदार क्रमशः मयंक कुशवाहा व रवि प्रकाश कुशवाहा हैं। कारोबार यथावत् रहेगा।

मयंक कुशवाहा,
साझेदार।

सूचना

फर्म मे0 श्री इन्द्रा साइन्टिफिक ग्लास वर्क्स, ए-11 इण्डस्ट्रियल स्टेट, फिरोजाबाद पत्रावली संख्या एजी–5906 में दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 को रामप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री रामदयाल अग्रवाल निवासी–मधुवन इन्क्लेव जलेसर रोड फिरोजाबाद की मृत्यु के पश्चात् उनके उत्तराधिकारी तरूण अग्रवाल पुत्र स्व0 रामप्रकाश अग्रवाल निवासी-मधुवन एन्क्लेव, जलेसर रोड, फिरोजाबाद को फर्म की भागीदारी में सम्मलित कर लिया गया, वर्तमान फर्म में भागीदार श्री मनोज कुमार मित्तल, श्री शरद मित्तल, श्री तरूण अग्रवाल हैं।

मनोज कुमार मित्तल,
साझेदार,
मे0 श्री इन्द्रा साइन्टिफिक ग्लास वर्क्स,
ए -11, इण्डस्ट्रियल स्टेट, फिरोजाबाद।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 स्टार इन्टरप्राईजेज, 211-ए, बालाजीपुरम्, शाहगंज, आगरा में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार हैं–

फर्म के पूर्व द्वितीय पक्ष साझेदार श्री इन्द्रजीत चड्डा पुत्र श्री सेवाराम चड्डा निवासी–3, किशनगढ ईदगाह, आगरा की मृत्यु दिनांक 28 मार्च, 2022 को होने के कारण दिनांक 01 अप्रैल, 2022 से श्रीमती राधा अग्रवाल पत्नी श्री रोहित गुप्ता निवासी–म0नं0-100 तुलसी बजट विला, पथौली, आगरा फर्म में नई भागीदार हो गयी हैं। अब फर्म में श्री रोहित गुप्ता तथा श्रीमती राधा अग्रवाल भागीदार हो गये हैं।

रोहित गुप्ता,
भागीदार,
मे0 स्टार इन्टरप्राईजेज,
211-ए, बालाजीपुरम्, शाहगंज, आगरा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 भारत ट्रेडर्स, ए -37, मोती कुॅज, तह0 एण्ड जिला मथुरा के साझेदारों/विधान में परिवर्तन की सूचना देती हूँ–

यह है कि उक्त फर्म में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से कु0 शगुन चौधरी पुत्री श्री मुकेश चौधरी, श्री यश राज चौधरी पुत्र श्री ओमवीर सिंह तथा श्रीमती प्रगति चौधरी पत्नी श्री रवि चौधरी निवासीगण– ए–37, मोती कुॅज, मथुरा उक्त फर्म में नये साझेदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं तथा फर्म के पूर्व भागीदार श्री मुकेश चौधरी, श्री ओमवीर सिंह तथा श्री रवि चौधरी पुत्रगण श्री विजेन्द्र सिंह निवासीगण–ए-37, मोती कुॅज, मथुरा जिला मथुरा दिनांक 01 जनवरी 2023 से अपनी स्वेच्छा से पृथक हो गये हैं। अब फर्म में कु0 शगुन चौधरी, श्री यश राज चौधरी तथा श्रीमती प्रगति चौधरी ही भागीदार रह गये हैं।

शगुन चौधरी,
भागीदार,
मे0 भारत ट्रेडर्स,
ए -37, मोती कुॅज, तह0 एण्ड जिला मथुरा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 हाथरस इन्टरप्राईजेज, 21/131, धुलियागंज, आगरा के विधान/भागीदारों में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार हैं–

फर्म में दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को पूर्व प्रथम पक्ष रेशमा यादव पुत्री श्री सरनाम सिंह यादव द्वितीय पक्ष श्रीमती सरला देवी पत्नी स्व0 अशोक कुमार तथा चतुर्थ पक्ष आस्था यादव पुत्री श्री ब्रिजेन्द्र सिंह यादव उक्त फर्म की साझेदारी से अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र राम प्रकाश, श्रीमती रेखा पत्नी श्री दिनेश चन्द्र, श्री राकेश कुमार पुत्र श्री जुगेन्द्र सिंह, श्री रामवीर पुत्र श्री सुरजन सिंह, श्री दिनेश चन्द्र पुत्र श्री राम प्रकाश, श्रीमती हरिप्यारी देवी पत्नी श्री राम प्रकाश, श्रीमती उमा गुप्ता पत्नी श्री अनिल गुप्ता, श्री शशी कुमार यादव पुत्र श्री नत्थीलाल यादव, श्री योगेश मित्तल पुत्र श्री राम प्रकाश मित्तल तथा श्रीमती श्वेता मित्तल पत्नी श्री योगेश मित्तल नये भागीदारी के रूप में सम्मिलित हुये थे। जिसमें से दिनांक 31 मार्च, 2022 को श्रीमती रेखा पत्नी श्री दिनेश चन्द्र, श्रीमती हरिप्यारी देवी पत्नी श्री राम प्रकाश, श्रीमती उमा गुप्ता पत्नी श्री अनिल गुप्ता तथा श्री शशी कुमार यादव पुत्र श्री नत्थीलाल यादव उक्त फर्म की साझेदारी से अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं। अब फर्म श्रीमती नीरू यादव, श्री विनोद कुमार, श्री वीरेन्द्र कुमार, श्री राकेश कुमार, श्री रामवीर, श्री दिनेश चन्द्र, श्री योगेश मित्तल तथा श्रीमती श्वेता मित्तल ही भागीदार रह गये हैं।

विनोद कुमार,
भागीदार,
मे0 हाथरस इन्टरप्राईजेज,
21/131, धुलियागंज, आगरा।

सूचना

मैंने अपने पुत्र का नाम आयांश श्रीवास्तव (AAYANSH SRIVASTAVA) से बदलकर मेधांश श्रीवास्तव (MEDHANSH SRIVASTAVA) कर दिया है, जिसकी सूचना 07 फरवरी, 2023 के शपथ-पत्र में मेरे द्वारा दी गयी है। अभिषेक कुमार श्रीवास्तव पुत्र दिलीप कुमार श्रीवास्तव, बी-272 हि0ए0लि0 कोरवा, मुंशीगंज, अमेठी।

अभिषेक कुमार श्रीवास्तव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 मो0 मुस्लिम भटहट, जनपद गोरखपुर, उ0प्र0 नामक फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 01 जनवरी 2014 से मो0 मुस्लिम एवं कमाल अहमद जी साझेदार थे। यह कि उक्त फर्म कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स गोरखपुर में पंजीकरण सं0 जी-3952 पर पंजीकृत है। यह कि उक्त फर्म के साझेदारी डीड दिनांक 01 अगस्त, 2020 से मो0 मुस्लिम जी अपना हक और हिस्सा लेकर रिटायर्ड हो चुके थे व जमाल अहमद जी उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं। यह कि दिनांक 05 अगस्त, 2020 को मो0 मुस्लिम जी मृतक हो चुके हैं, अब उक्त फर्म में क्रमशः कमाल अहमद एवं जमाल अहमद जी हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

कमाल अहमद,
साझेदार,
मे0 मो0 मुस्लिम भटहट,
जनपद गोरखपुर, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 आशी हॉस्पिटल आर/ओ0–234 बी, ट्रांसफार्मर लेन के सामने, नहर रोड, दाउदपुर, गोरखपुर, उ0प्र0 नामक फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 22 अप्रैल, 2019 से श्री अनिल

कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती सुरभि श्रीवास्तव जी साझेदार थी। यह कि साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को उक्त फर्म नाम आशी हॉस्पिटल मेटरनिटी एण्ड ट्रामा सेंटर से परिवर्तित कर आशी हॉस्पिटल किया गया है। यह कि साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2022 से श्रीमती राधा देवी जी उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हुयी हैं। अब उक्त फर्म में क्रमशः श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव व श्रीमती सुरभि श्रीवास्तव एवं श्रीमती राधा देवी जी हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

अनिल कुमार श्रीवास्तव,
साझेदार,
मे0 आशी हॉस्पिटल आर/ओ0,
ट्रासफार्मर लेन के सामने,
नहर रोड, दाउदपुर, गोरखपुर, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 गोविन्द माधव, न्यू कालोनी, हवेलिया खास, निकट बड़ेवन बाईपास चौराहा पो0–गोधीनगर, जनपद–बस्ती पंजीकृत सं0 जी–3993 की साझेदारी डीड दिनांक 10 जून, 2016 से श्री संतोष पुत्र श्री गोविन्द माधव पाण्डेय एवं श्री गोविन्द माधव पाण्डेय पुत्र स्व0 उमाशंकर पाण्डेय साझेदार थे। यह कि साझेदारी विघटन डीड दिनांक 31 मार्च, 2019 से उक्त फर्म विघटित करते हुए आपसी सहमति से प्रथम भागीदार के द्वारा उक्त फर्म की सभी सम्पत्तियां एवं दायित्व (बैलेंस शीट दिनांक 31 मार्च, 2019 के अनुसार सम्पत्तियां एवं दायित्व रु0 5,94,66,877.00) को वहन करते हुए को फर्म मे0 गोविन्द माधव के नाम व व्यवसाय को प्रोपराइटरशिप में जारी करने हेतु फर्म को विघटित कर दिया गया। उक्त फर्म में किसी साझेदार को कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

संतोष,
साझेदार,
मे0 गोविन्द माधव,
बस्ती।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मे0 जी0 एस0 इण्टरप्राइजेज, 76 मीरापुर, प्रयागराज के भागीदार श्री जनमीत सिंह दिनांक 31 मार्च, 2019 को स्वेच्छापूर्वक अपनी भागीदारी समाप्त करते हुए फर्म से अलग हो गये हैं तथा श्रीमती कवलजीत कौर दिनांक 01 अप्रैल, 2019 को उक्त फर्म में बतौर साझीदार शामिल हो गयी हैं। फर्म से अलग हुये भागीदार जनमीत सिंह का फर्म से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का लेनदेन तथा दायित्व शेष नहीं है। अब फर्म में सभी भागीदारों का भागीदारी अनुपात क्रमशः हरप्रीत सिंह 51 प्रतिशत, सनप्रीत सिंह 10 प्रतिशत, जसप्रीत सिंह 20 प्रतिशत तथा कवलजीत कौर का 19 प्रतिशत होगा।

हरप्रीत सिंह,
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मे0 राज कोल्ड स्टोरेज एण्ड आइस उद्योग, ग्राम–पाहड़पुर कोदन, सिराथू, कौशाम्बी के भागीदार मोहम्मद फारूक व श्रीमती सिद्दीका बानों दिनांक 31 मार्च, 2022 को स्वेच्छापूर्वक अपनी भागीदारी समाप्त करते हुए फर्म से अलग हो गये हैं, अब फर्म में फिरोज अहमद, जुलेखा बानों, मोहम्मद अयूब तथा मासूम अहमद कुल चार भागीदार हैं। जिनका भागीदारी अनुपात क्रमशः फिरोज अहमद 65 प्रतिशत, जुलेखा बानों 15 प्रतिशत, मोहम्मद अयूब 10 प्रतिशत तथा मासूम अहमद का 10 प्रतिशत होगा। फर्म से पृथक हुये भागीदार का उक्त फर्म से सम्बन्धित किसी भी प्रकार लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है तथा न ही दिनांक 31 मार्च, 2022 के पश्चात् उक्त फर्म से सम्बन्धित विधिक अधिकार तथा दावा होगा।

फिरोज अहमद,
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHAMMAD TARIQ KHAN त्रुटिवश अंकित है जबकि मेरा नाम MOHD. TARIQ KHAN S/O IRSHAD ALI KHAN, R/O H.NO. 2 सागर हाउसिंग कॉप्लेक्स 1, अनूपशहर रोड, अलीगढ़ है। भविष्य में मुझे सही नाम से जाना पहचाना जाये।

मोहम्मद तारिक खान।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी पूर्व में मेरा नाम अलमास था। अब शादी उपरान्त अलमास तारिक पत्नी श्री मौहम्मद तारिक खॉन, निवासी मकान

नं0 2 सागर हाउसिंग कॉप्लेक्स, 1 अनूप शहर रोड़, अलीगढ़ कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

अलमास तारिक।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम Chand Mohammad Khan त्रुटिवश अंकित है जबकि मेरा नाम Chand Muhammad Khan S/o Babu Khan, R/o-4/651, A3(1), फैज स्ट्रीट फैज ए आम मस्जिद के पास, जमालपुर, कोल, अलीगढ़ है जोकि सही है। भविष्य में मुझे सही नाम से जाना पहचाना जाये।

चांद मोहम्मद खान।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम लल्लू सिंह है। मेरी पत्नी का नाम ज्ञान्ती देवी है। मेरी सर्विस पुस्तिका में गलती वश ज्ञान्ती कुमारी हो गया है, बाकी सारे कागजात में ज्ञान्ती देवी दर्ज है, जैसे मेरे फण्ड पेपर में स्वास्थ्य कार्ड में आधार व पैन में सभी में ज्ञान्ती देवी दर्ज है।

अतः मेरी पत्नी को ज्ञान्ती देवी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

लल्लू सिंह,
पता–ई0डी0 34डी,
ब्लाक, ए0डी0ए0, कालोनी,
नैनी, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कुशुम देवी पत्नी रामस्वरूप भारतीय है। मेरे आधार कार्ड संख्या 942417960376 में मुन्नी देवी नाम अंकित हो गया है, जो कि गलत है, जो मेरे घर का नाम है। भविष्य में मुझे कुशुम देवी पत्नी रामस्वरूप भारतीय के नाम से जाना पहचाना जाये।

कुशुम देवी,
निवासिनी ग्राम भगवानपुर कोटिया,
पो0 अमिरसा, थाना सरांय अकिल,
परगना व तहसील चायल, जनपद कौशाम्बी।

सूचना

मे0 शंकर भण्डारण गृह ग्राम चन्दुली पोस्ट तेंदु जनपद सोनभद्र उत्तर प्रदेश रजिस्टर फर्म सं0 2629/7-वी-12557 दिनांक 01 अगस्त, 2009 साझीदार फर्म है। जिसमें पूर्व में 3 पार्टनर हरिमोहन देवी, धर्मराज सिंह व रमेश कुमार सिंह है। आज दिनांक 14 फरवरी, 2023 से नये साझेदार के रूप में नागेन्द्र बहादुर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मिथिलेश देवी, कुसुम देवी, आरती सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिंह को सम्मिलित किया जा रहा है। जिससे उपरोक्त फर्म में 3 साझेदार पुराने व 7 साझेदार नये सहित कुल 10 साझेदार हो गये हैं।

धर्मराज सिंह,
मे0 शंकर भण्डारण गृह।

सूचना

मे0 सोनभद्र ट्रांसपोर्ट उत्तर मोहाल एट/पो0आ0 राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र, उ0प्र0, रजिस्टर फर्म संख्या 5857/7-वी-10909 दिनांक 05 मार्च, 2016 साझेदार फर्म है। जिसमें 3 साझेदार नागेन्द्र बहादुर सिंह, कुसुम देवी व रतन कुमार सिंह हैं। आज दिनांक 18 फरवरी, 2023 से रतन कुमार सिंह उपरोक्त फर्म से स्वेच्छापूर्वक निकल रहे हैं एवं नये साझेदार के रूप में सुनील कुमार सिंह उपरोक्त फर्म में जुड़ रहे हैं।

नागेन्द्र बहादुर सिंह,
मे0 सोनभद्र ट्रांसपोर्ट,
साझेदार।

NOTICE

I Anjali Gautam W/o Mahendra Kumar Shukla, Address : 117 Gajjoo Purwfra Jajmau Kanpur, Uttar Pradesh has changed may Name from Anjali Gautam to Anjali, Henceforth, I shall be know as Anjali for all purpose.

Anjali Gautam.

पी0एस0यू0पी0–48 हिन्दी गजट–भाग 8–2023 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।